# दीवाना मैं तो मोहन का जग समझे मैं बौराना

दीवाना मैं तो मोहन का,
जग समझे मैं बौराना,
दीवाना मै तो मोहन का।bd।

---

वो राधा रानी वाले हैं,
आंखों में काजल डाले हैं,
आंखों की चितवन है ऐसे,
जैसे छलके पैमाना,
दीवाना मै तो मोहन का।bd।

---

वो मोर मुकुटिया वाले हैं,
कानो मे कुंडल डालें हैं,
चेहरे की छटा देखी जबसे,
मैं हो गया मस्ताना,
दीवाना मै तो मोहन का।bd।

---

वो गीता गाने वाले है,
ऊंगली पर चक्र सम्हाले है,
मुरली की ताने सुन सुन कर,
हूँ खुद से अंजाना,
दीवाना मै तो मोहन का।bd।

---

मीरा का गिरधर गोपाला,
जो बिष को अमृत कर डाला,
गीता का ज्ञान सुनाया था,
जब अर्जुन अकुलाना,
दीवाना मै तो मोहन का।bd।

---

वो रास रचाने वाले हैं,
नख में गिरिराज सम्हाले,
‘राजेन्द्र’ कहे है राधावर,
कुछ दे दो नजराना,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

दीवाना मैं तो मोहन का,
जग समझे मैं बौराना,
दीवाना मै तो मोहन का।bd।

गायक / गीतकार – राजेन्द्र प्रसाद सोनी।
8839262340

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com